# मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम
पुस्तक भवन
अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल–462011

दूरभाष – 0755–2550727, 2551294, 2551565, फैक्स–2551145, ई–मेल – tbcho@yahoo.com, बेबसाईट –info.mptbc@mp.gov.in


क्रमांक/ 2196 /पापुनि/मुद्रण/2024 भोपाल, दिनांक 18/4/24

## सीमित ऑफर आमंत्रण–2/2024–2025

विषय :– शिक्षा सत्र 2024–2025 के लिए अनुमोदित दर पर सीमित ऑफर आमंत्रण।

–0–

1 शिक्षा सत्र 2024–2025 के लिए निगम द्वारा ***वैब ऑफसेट मशीन पर मुद्रण हेतु*** आहूत निविदा क्रमांक PTG-1/2024-25 से PTG-13/2024-25 में से किसी निविदा (ओं) में भाग लेने वाले मुद्रणालयों, जिनकी तकनीकी बिड वैध पाई गई है, से निम्न विवरण अनुसार निगम द्वारा निर्धारित दर पर मुद्रण कार्य करने हेतु सीमित ऑफर आमंत्रित किये जाते हैः–

**(क) वैबफैड ऑफसेट मशीन हेतु**

| सरल क्र | ग्रुप क्र. | शीर्षक का नाम | डिपो का नाम | अनुमानित पुस्तक संख्या योजना | | अनुमानित पृष्ठ संख्या | पेपर (टन में) | मूल एल–1 दर (रूपये प्रति हजार फार्म) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 |
| | | | | योजना | सामान्य | | | |
| 1 | 154 (A) | GANIT KA JADU CLASS-4 (C) | ग्वालियर | 151100 | 1200 | 188 | 71.593 | 145.00 |
| | | | | 152300 | | | | |
| | | | | योजना | सामान्य | | | |
| 2 | 154 (B) | GANIT KA JADU CLASS-4 (C) | सागर | 117300 | 5500 | 188 | 57.726 | 145.00 |
| | | | | 122800 | | | | |
| | | | | योजना | सामान्य | | | |
| 3 | 154 (C) | GANIT KA JADU CLASS-4 (A) | उज्जैन | 56800 | 3000 | 188 | 28.111 | 145.00 |
| | | | | 59800 | | | | |
| | | | | योजना | सामान्य | | | |
| 4 | 154 (D) | GANIT KA JADU CLASS-4 (A) | खण्डवा | 68000 | 1000 | 188 | 32.435 | 145.00 |
| | | | | 69000 | | | | |

- उपरोक्त तालिका में दर्शित शीर्षक के मुद्रण संबंधी तकनीकी विवरण निम्नानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| Category -10 | **1. Colour Scheme Of Text - Four Colour**<br>**2. Colour Scheme Of Cover-page - 1,2,3 & 4 in Four Colour.**<br>**3. Printing paper-80 GSM Water Mark Maplitho (in Reel of 84 cm.)**<br>**4.Cover paper- 250 GSM MG Cover Paper (61x86.5 cm)**<br>**5. Binding** -(I) Center stitched Binding with two staples for books having upto 144 Pages.<br>(II) Perfect Binding with side three staples for books having more than 144 pages. |

- शीर्षक का प्रदाय शीर्षक के समक्ष उल्लेखित भण्डार में किया जाना होगा।
- **उपरोक्त समस्त मुद्रित पुस्तकों का शत प्रतिशत प्रदाय 45 दिवसों में उल्लेखित भण्डार में किया जाना होगा।**
- चयनित मुद्रणालय को पेपर (मुद्रण एवं कवर) निगम के भोपाल स्थित केन्द्रीय भण्डार से उठाव करना होगा।
- शीर्षको के समक्ष उल्लेखित ग्रुपों के भण्डार में शीर्षक का प्रदाय किया जाना है।

02. ऑफर निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित हैः–

2.1 ऑफर प्रस्तुत करने वाले मुद्रणालय द्वारा शिक्षा सत्र 2024–25 हेतु निगम द्वारा आमंत्रित संदर्भित किसी निविदा में भाग लिया गया हो तथा उनकी तकनीकी बिड वैध पायी गई है।

Scanned by CamScanner

2.2 ऑफर प्रस्तुत करने वाले मुद्रणालयों के पास ऑफर आमंत्रित करने की अंतिम तिथि की स्थिति में, ऑफर कार्य संदर्भित शीर्षकों हेतु निर्दिष्ट दिनांक तक अथवा उसके पूर्व कर सकने की निगम द्वारा ऑकलित अनुसार मुद्रण क्षमता उपलब्ध होना चाहिए,

2.3 ऑफर प्रस्तुत करने वाले मुद्रणालय को शिक्षा सत्र 2024–2025 हेतु निगम से कार्य आवंटित होने की स्थिति में, उक्त आवंटित कार्य की स्थिति संतोषजनक होने तथा आवंटित कार्य की प्रदाय समय–सीमा के आधार पर प्रदाय की समानुपातिक स्थिति तथा ऑफर्ड कार्य के लिए निर्धारित समय–सीमा को विचार में लेते हुए ऑफर्ड कार्य के आवंटन के लिए विचार किया जायेगा।

2.4 यदि एक से ज्यादा मुद्रक ऑफर अंकित करते हैं तो जिस मुद्रक के पास उच्चतर ऑकलित क्षमता उपलब्ध होगी, उसे उपरोक्त अंकित शर्तों के अध्याधीन कार्य आवंटन पर विचार किया जायेगा, परन्तु यदि एक से ज्यादा मुद्रकों की ऑकलित क्षमता एक समान आवंटन ऑकलित होती है, तो उस दशा में उनके मध्य लॉटरी से किया जावेगा।

2.5 निगम द्वारा कार्य व्यवस्था की दृष्टि से उल्लेखित मुद्रण कार्य एक से अधिक मुद्रणालयों को भी आवंटित किया जा सकता है। इस निर्णय हेतु सर्वाधिकार प्रबंध संचालक, म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम के पास सुरक्षित रहेगें।

2.6 ऑफर प्रस्तुत करने वाले मुद्रणालय को पूर्व से आवंटित निगम कार्य (यदि कोई होवे) संपादन हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा। ऑफर्ड कार्य आवंटन की स्थिति में मुद्रणालय को पूर्व आवंटित कार्य में से आंशिक अथवा पूर्ण मात्रा में कार्य विड्रा किये जाने का अनुरोध किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगा अर्थात् पूर्व अनुबंधित कार्य निर्धारित अनुबंधित समय–सीमा में ही पूर्ण करना होगा।

2.7 पुस्तकों का प्रदाय अनुबंध दिनांक से संदर्भित शीर्षकों हेतु निर्दिष्ट दिनांक तक **ग्रुप के निर्दिष्ट भण्डारों में निगम वितरण निर्देशानुसार किया जाना होगा।**

**2.8** कार्यपूर्ति हेतु उल्लेखित समय–सीमा अनुसार कार्य पूर्ण किया जाना होगा, जिस हेतु आवश्यक मुद्रण एवं कागज प्रतिभूति जमा कर **पत्र प्राप्ति के तीन दिवसों में अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा।**

**2.9 अन्य नियम एवं शर्ते पद क्रमांक 1 में वर्णित जारी निविदा दस्तावेज अनुसार होंगी।**

03. पद क्रमांक–01 'क' की तालिका में उल्लेखित विवरण अनुसार तालिका के कॉलम क्रमांक–08 में उल्लेखित दर पर, कार्य में रूचि रखने वाले मुद्रणालय स्वयं का ऑफर दिनांक 22.04.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक मुद्रणालय की अधिकृत ई–मेल आईडी (जो निगम के रिकार्ड में है) से, निगम की ई–मेल आईडी info.mptbc@mp.gov.in पर मुद्रणालय के लेटर हैड में निर्धारित **संलग्नक–1** प्रपत्र पर स्केन कर अधिकृत हस्ताक्षर सहित अथवा निगम के मुद्रण कक्ष में भौतिक रूप से प्रस्तुत करने। मेल से ऑफर लेटर की मूल प्रति भी डाक द्वारा अथवा व्यक्तिशः निगम मुख्यालय को प्रेषित की जावे।

Scanned by CamScanner

04. जिन मुद्रणालयों से उनके अनुरोध अनुसार अथवा उनकी कार्यप्रगति संतोषजनक न होने के कारण उन्हें आवंटित कार्य में से कार्य विड्रा किया गया है ऐसे मुद्रणालयों को इस सीमित ऑफर आमंत्रण में भाग लेने पर तभी पात्र माना जायेगा, जब उक्त ऑफर आमंत्रण के खोले जाने की दिनांक 21.04.2024 से एक दिन पूर्व शाम 5:30 बजे तक उनके द्वारा शिक्षा सत्र 2024–2025 में उन्हें आवंटित शतप्रतिशत पुस्तकों की प्राप्ति संबंधित भण्डारों में हो गई हो।

05. मुद्रणालयों द्वारा ऑफर में उल्लेखित शर्तों के अधीन एवं उनके अनुसार ही सहमति प्रस्तुत की जाना है। सीमित ऑफर आमंत्रण में विहित शर्तों से भिन्न सशर्त अथवा अतिरिक्त शर्तों सहित प्राप्त ऑफर विचार में नहीं लिए जायेंगे।

06. कार्य आवंटन संबंधी सर्वाधिकार प्रबंध संचालक, म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम के पास सुरक्षित रहेगें। उनके द्वारा किसी भी अथवा समस्त ऑफर को बिना कोई कारण बताये अमान्य किया जा सकेगा।

**संलग्न :–** **प्रस्तुत किया जाने वाला ऑफर पत्र संलग्नक – 1**

**प्रबंध संचालक**
**म.प्र.पाठ्यपुस्तक निगम**
**भोपाल**

Scanned by CamScanner

मुद्रणालय के लैटर हेड पर प्रस्तुत किया जाना है । संलग्नक – 1

प्रति,

प्रबंध संचालक
म0प्र0पाठ्पुस्तक निगम
भोपाल

विषय :– **शिक्षा सत्र 2024–25 के लिए अनुमोदित दर पर सीमित ऑफर आमंत्रण <u>(वैब ऑफसेट मशीन पर मुद्रण हेतु)</u> ।**

*****

विषयांतर्गत निगम द्वारा मुद्रण हेतु आमंत्रित सीमित ऑफर के संदर्भ में हमारे मुद्रणालय द्वारा ग्रुप क्रमांक ..............में दर्शित पुस्तक के उल्लेखित विवरण अनुसार प्रदाय हेतु हम निगम द्वारा अनुमोदित दर ...............पर अपनी सहमति देते हैं अथवा हम अपनी दर रूपये ........ प्रति हजार फार्म प्रस्तुत करते है।

हमारे द्वारा प्रस्तुत ऑफर निगम द्वारा जारी निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन प्रस्तुत किया जा रहा है। मुद्रणालय को संदर्भित कार्य आवंटित होने की स्थिति में मुद्रणालय द्वारा निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण किया जायेगा।

**भवदीय**

**अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर**
**अधिकृत प्रतिनिधि के नाम :–**
**मुद्रणालय की सील**

**नोट :– उपरोक्त प्रारूप अनुसार ऑफर पत्र मुद्रणालय के लैटर हेड पर टंकित/लिखित रूप में स्केन कर निगम की ई–मेल आईडी** info.mptbc@mp.gov.in **पर अथवा भौतिक रूप से निगम के मुद्रण कक्ष को निर्धारित तिथि एवं समय तक भेजा जाना है। मूल पत्र डाक अथवा व्यक्तिशः द्वारा भी निगम को प्रेषित किया जावे।**

Scanned by CamScanner